स्वर्गवास हो चुका है, को जीवनपर्यन्त के लिए और तत्पश्चात् उन के पुत्रों के लिए निश्चित कर दी थी। मुख्य मंत्री ने अपनी दाखिल की गई धन विवरणी में यह स्वीकार नहीं किया है, दूसरा पुत्र स्वयं उन के अनुसार उन पर आश्रित है। इस सम्पत्ति को मुख्य मंत्री ने स्पष्ट रूप से 31 मार्च, 1968 को अपने पुत्रों की सम्पत्ति के रूप मे घोषित किया है। पुत्रों को यह सम्पत्ति अपनी दादी की मृत्यु पर बन्दोबस्त द्वारा प्राप्त हुई। मुख्य मंत्री ने यह नहीं कहा है कि उन्हें अपनी मा से कोई अन्य आस्ति विरासत मे मिली है। यदि ऐसा है तो किस प्रकार से ये पुत्र इतना खर्च कर के भवन का विस्तार कर सकते हैं और उस मे सुधार कर सकते है। इस निर्माण के साथ धन का सीधा सम्बन्ध मुख्य मंत्री से है और यह पद के अत्यन्त दुरुपयोग का मामला है और इस की जांच अपेक्षित है।

**क्रम संख्या 7**

**श्री एम० जी० रामचन्द्रन् का शपन**

**तिरुमती धर्मा**

तिरुमती धर्मा सं० 9, फर्स्ट क्रास रोड, मद्रास 28 में रहती है। वह आयकर निर्धारिती नहीं है। जब से थिरु करुणानिधि ने 28 फरवरी, 1967 को लोक निर्माण विभाग के मंत्री के रूपि में पद ग्रहण किया, तब से स्थायी पुलिस सुरक्षा तैनात कर दी गई है। आज भी सुरक्षा पुलिस लगी हुई है।

उस की संरक्षा एक स्वतन्त्र गैर-सरकारी सुरक्षा कार्मिक द्वारा भी की जाती है जिस का नाम थिरु कापाली है और जो घर बार की भी देखभाल करता है।

लोक निर्माण विभाग के मंत्री होने के पहले, थिरु करुणानिधि "ककिथा पू" (कागज का फूल) नामक नाटक खेला करते थे। उस नाटक में थिरु करुणानिधि नायक और उक्त तिरुमती धर्मा नायिका होती थी। मुख्य मंत्री ने उस का मकान न तो विधान सभा के समक्ष और न कर प्राधिकारियों के समक्ष ही अपनी सम्पत्ति के रूप में घोषित किया है।

साधारणतया जनता मे यह विश्वास किया जाता है कि वह भी मुख्य मंत्री के परिवार की सदस्य हैं। इस में कोई आश्चर्य नही कि जनता का ऐसा विश्वास है, क्योंकि थिरुकरुणानिधि के मंत्री बन जाने के पश्चात् ही उसे चौबीसों घण्टे की पुलिस सुरक्षा प्रदान की गई है और वे भी उस मकान में प्रतिदिन दिखाई पड़ते हैं।

थिरु कापाली भी जो कि गृह प्रबन्धक हैं, एक लाख पए की सम्पत्ति का स्वामी है और उस के बारे मे कहा जाता है कि उस की चार टैक्सियां चलती है। यह सुनिश्चित रूप से शक्ति के दुरुपयोग को स्पष्टतया दर्शित करता है, क्योंकि थिरु कापाली न तो शिक्षित है, न नियोजन मे है, न उस के पास कारबार या व्यवसाय है, सिवाय इस के कि वह मकान के अन्दर की सुरक्षा की देखरेख करता है, जिस प्रकार पुलिस मकान के बाहर की सुरक्षा का कार्य करती है।

**श्री एम० कल्याणसुन्दरम् का शपन**

श्रीमती धर्माम्बल—श्रीमती धर्माम्बल नाम की महिला सं० 9, फर्स्ट क्रास रोड, मद्रास–28 में रहती है। यह दर्शित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य है कि वह मुख्य मंत्री के परिवार की सदस्य है। इसी बात मे कि उस के मकान के बाहर अस्थायी पुलिस गार्ड तैनात की गई है, दर्शित होता है कि मुख्य मंत्री उस के घर कितनी बार आते रहते हैं। कापाली नाम का एक व्यक्ति और भी है जो श्रीमती धर्माम्बल के परिचारक के रूप में काम करता है और उक्त कापाली के बारे में यह कहा जाता है कि वह मुख्य मंत्री

का गहरा विश्वासपात्र है। श्रीमती धर्माम्बल ने श्री करुणानिधि के साथ उन के प्रसिद्ध नाटक ककिया पू (कागज का फूल) मे नायिका की भूमिका निभाई थी। श्रीमती धर्माम्बल और उस के परिचारक के नाम में मूल्यवान सम्पत्तिया है जो सब मुख्य मंत्री के साथ उस की घनिष्ठता के कारण अर्जित की गई है। परिचारक कापाली की, जिस का आजीविका या उपार्जन का कोई अन्य साधन नही है, अब अनेक टैक्सिया चल रही है। इस बात का अन्वेषण किए जाने की आवश्यकता है कि श्रीमती धर्माम्बल और उस के परिचारक श्री कापाली ने सम्पत्तियां और टैक्सियां किस प्रकार प्राप्त की है। क्योंकि वे ऐसे व्यक्ति हैं जो मुख्य मंत्री से बड़े निकट से संबंधित है।

**क्रम संख्या 8**

**श्री एम० जी० रामचन्द्रन् का ज्ञापन**

**थिरु अमीरथम भतीजा**

यह विश्वास किया जाता है कि श्री करुणानिधि के भतीजे थिरु अमीरथम ने मुख्य मत्री के मकान के बहुत निकट, कम से कम 70,000 रुपए की कीमत पर एक सम्पत्ति खरीदी है। यह एक नया मकान है, जो "कलिगेर इल्लम" कहलाता है। थिरु अमीरथम आयकर निर्धारिती नही है। उस का आय का कोई पूर्व साधन, कारबार या उच्च वेतन वाली वृत्तिया या व्यवसाय नही है। यह सम्पत्ति थिरु करुणानिधि के मुख्य मत्री बन जाने के पश्चात् खरीदी गई थी। यह भी विश्वास किया जाता है कि थिरु अमीरथम अजुकम पिक्चर्स के, जिस ने अपनी पहली पिक्चर केवल 22 जून, 1972 को निकाली फिल्म कारबार मे डाला गया है।

**श्री एम० कल्याणसुन्दरम् का ज्ञापन**

गोपालपुरम मे "कलैगर इल्लम" नामक एक मकान और है जो श्री अमीरथम के नाम मे खरीदा गया है जो मुख्य मत्री का एक अन्य भतीजा है। उक्त मकान 70,000 रु० मे खरीदा गया बताया गया है। यह बात अन्वेषण की जाने योग्य है कि क्या सम्पत्ति के पूरे मूल्य का लेखा जोखा दिया गया है, क्या सम्पत्ति का वास्तविक मूल्य केवल 70,000 रु० है और यदि ऐसा भी है तो श्री अमीरथम को यह रकम कहा से प्राप्त हुई। ये सब बाते रहस्यमय है। उक्त भतीजा श्री अमीरथम मुख्य मत्री के परिवार के लिए केवल एक बेनामीदार है

**क्रम संख्या 9**

**श्री एम० जी० रामचन्द्रन् का ज्ञापन**

**थिरु वैद्यलिंगम, मुख्य मन्त्री का निजी सचिव**

थिरु वैद्यलिंगम के कुछ काम, जो मुख्य मत्री की जानकारी पूर्वक प्रशासन में उसके हस्तक्षेप को प्रकट करते हैं, इस प्रकार हैं

सलेम के थिरु थडावरोया गौडर नामक व्यक्ति, जो थिरु वैद्यलिंगम का संबधी है और इरोड के रामालिंगम गौडर को खाद्यान्न के थोक अनुज्ञप्त व्यापारियों के रूप में नियुक्त किया गया था, यद्यपि उन्होंने पहले खाद्यान्न की कभी कोई बिक्री नहीं की थी, तथा उन्होंने खाद्यान्न में कोई विक्रय कर भी नही दिया है। यह बात विधान सभा की तारीख 10 मार्च, 1970 की कार्यवाहियों के खण्ड 31, पृष्ठ 48 पर देखी जा सकती है। इसके अतिरिक्त, मुख्य मंत्री के निजी सहायक थिरु

वैद्यलिंगम ने अपनी आस्तियां और दायित्व राजस्व बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत नहीं किए हैं जो उसे करने चाहिए थे ।

वह अपनी सम्पत्ति की घोषणा सम्बन्धी कथन फाइल करने के लिए समय बढ़ाने के लिए समय-समय पर निवेदन करता रहा था जिससे अन्त में इंकार कर दिया गया था । तारीख 8 दिसम्बर, 1970 की विधान सभा कार्यवाहियां इस बात का सबूत हैं । जब उस अधिकारी की ईमानदारी पर विधान सभा सदन में अधिक्षेप किया गया तो मुख्य मंत्री ने अपने निजी सचिव की चूकों को परिरक्षण प्रदान किया ।

बस मार्गों के प्रावटन, इंजीनियरों द्वारा निविदाओं के स्वीकार किए जाने, अनुज्ञप्तियों के लिए सिफारिश आदि में कलक्टरों के काम में थिरु वैद्यलिंगम के हस्तक्षेप की बाबत मुख्य मंत्री को जानकारी है । ये हस्तक्षेप मुख्य मंत्री तक पहुंचा दिए गए हैं और अभिलेखों से इस बात का साफ पता चल जाएगा । थिरु वैद्यलिंगम ने सम्पत्ति में भारी विनिधान किए हैं । उसके नाम में तथा उसके पत्नी और बच्चों, दामादों, बहनोइयों/सालों के नाम में जो सम्पत्ति मौजूद है उसकी जांच से यह साफ पता चल जाएगा कि उसके द्वारा बनाई गई सम्पत्ति भारी मात्रा में छिपाई गई है और मुख्य मंत्री पर उसका और उस पर मुख्य मंत्री का जो असर है उसका अनुचित लाभ उठाकर ही इस प्रकार का कार्य किया गया है । उसने मुख्य मंत्री की ओर से कार्य किया है और उसने मुख्य मंत्री द्वारा दिए गए आदेशों के अनुसार कार्य किया है । ईमानदार उच्च अधिकारियों को निकाल दिया जाता है । जब विधान सभा में इस बात पर प्रश्न भी उठाया गया कि एक वरिष्ठ अधिकारी निजी सचिव के रूप में नियमों के विपरीत कार्य कर रहा है तो मुख्य मंत्री ने स्पष्टतया बहुमत से प्रेरणा लेकर विरोधी पक्ष का निरादर किया और यह माना कि वे केवल शिकायत करने भर के लिए निर्वाचित हुए हैं, आदर दिए जाने के लिए नहीं । वैद्यलिंगम को संरक्षण प्रदान करने का भारी रहस्य प्रजातंत्र की सब से बड़ी मुसीबत है और तमिलनाडु के लोगों ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध विद्रोह करना आरम्भ कर दिया है । लोग रणयात्रा पर हैं । यह अधिकारियों के हस्तक्षेप, भ्रष्टाचार और नौकरशाही द्वारा अत्याचार के विरुद्ध सबसे बड़ा आन्दोलन है । ऐसा आन्दोलन न तो स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व और न उसके पश्चात् ही देखा गया है । अतः लोगों की जोरदार मांग है कि स्पष्टतया यह जांच कराने का मामला है ।

**श्री एम० कल्याणसुन्दरम् का ज्ञापन**

**मुख्य मन्त्री का भ्रष्ट अधिकारियों से संबंध और उन्हें प्रोत्साहन**

श्री वैद्यलिंगम को, जो मुख्य मंत्री के निजी सचिव थे, मुख्य मंत्री ने हाल ही में जनता के दबाव से निजी सचिव के पद से उच्चतर पद पर उन्नत कर दिया है । इस स्थानान्तरण और प्रोन्नति के क्या कारण थे ? उसे श्री करुणानिधि ने उस समय लिया था जब वे मोटर यान अधिनियम प्रशासन के भारसाधक मंत्री थे । उस समय श्री वैद्यलिंगम केवल क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी था । वह मुख्य मंत्री द्वारा दिए गए सभी कार्यों तथा चूकों में मुख्य मंत्री का निकट सहापराधी था ।

श्री वैद्यलिंगम के विरुद्ध राज्य विधान सभा सदन में और जनता के समक्ष दोनों ही स्थलों पर विनिर्दिष्ट आरोप लगाए गए हैं और इन सब के बावजूद मुख्य मंत्री ने उसे उच्च पद पर नियुक्त कर दिया है । उसने राजस्व बोर्ड द्वारा अनेक स्मरणपत्र भेजे जाने के बावजूद अपनी सम्पत्ति का कथन भी फाइल नहीं किया है । इस अधिकारी के विरुद्ध बड़े गम्भीर आरोप हैं जिसे मुख्य मंत्री संरक्षण प्रदान कर रहे हैं । उसने अनेक मूल्यवान सम्पत्तियां प्राप्त कर ली हैं जिन में अन्ना

नगर, मद्रास का एक बड़ा मकान भी शामिल है । वह इतना धनी कैसे हो गया है तथा मुख्य मंत्री के साथ उनका इतना घनिष्ठ सबंध किस कारण है और इस भ्रष्ट अधिकारी को मुख्य मन्त्री सदैव संरक्षण क्यों देते रहे है और दे रहे हैं, ये ऐसे विषय हैं जिनका पूर्णतया अन्वेषण किया जाना चाहिए ।

**क्रम संख्या 10**

**श्री एम० जी० रामचन्द्रन् का ज्ञापन**

**वीरानम परियोजना**

इस परियोजना के लिए सरकार ने मंजूरी दी है जिससे कि मद्रास नगर जल प्रदाय को वीरानम टैंक से प्रतिदिन चार करोड गैलन जल की अधिक प्राप्ति हो सके । इसकी अनुमानित लागत 21 30 करोड पए है । इस परियोजना के व्यय और ठेकेदार मैसर्स सत्य नारायण ब्रादर्स के साथ मंत्रियों से संबंध की बाबत जांच की जानी चहिए । 7 मई, 1970 को मैसस सत्य नारायण ब्रादर्स की निविदा को मुख्य सचिव थिरु रायप्पा की उपेक्षा करके अपर मुख्य सचिव द्वारा ही उसकी अंतिम छानबीन करके उसे स्वीकार कर लिया गया था ।

जी०ओ० मख्या 2801 (पब्लिक) विशेष विभाग, तारीख 13 नवम्बर, 1969 के प्रतिकूल अपर मुख्य सचिव, मुख्य सचिव के समतुल्य नहीं है तथा वह मुख्य सचिव की फाइल वापस लेकर, सत्य नारायण ब्रादर्स की निविदाओं के अनुमोदन के लिए टिप्पण प्रस्तुत नही कर सकता था । यह आचरण अत्यन्त आपत्तिजनक है और इससे ऐसा नहीं लगता कि यह कार्य आपात काल में किया गया है । आपातकाल की बात तो केवल मैसर्स सत्य नारायण ब्रादर्स की निविदा स्वीकार करने से प्रतीत होती थी । इसके अतिरिक्त, आपातिक रूप से इस निविदा को स्वीकार करने की बात तो केवल सत्य नारायण ब्रादर्स को, निविदा स्वीकार करने की अनंतिम अवस्था में ही नब्बे लाख रुपए की राशि ऋण के रूप में देने के लिए थी । निविदा स्वीकार करने की प्रारंभिक अवस्था में ही लगभग 90 लाख रुपए की इतनी बड़ी रकम का दिया जाना सिद्धांत रूप से अत्यन्त असाधारण कार्य है और यह भारी ठेका निर्माण मंत्री श्री सादिक पाशा के प्रशासन के अन्तर्गत है जिन्होंने भी मुख्य मत्री की सहमति से इस कार्य का अनुमोदन कर दिया है ।

विभाग द्वारा सम्यक् छानबीन किए बिना निविदा को स्वीकार करने की शक्ति मत्री में निहित करने के लिए, जी० ओ० एम० सं० 2, लोक निर्माण विभाग, तारीख 2 जनवरी, 1970 में एक असाधारण आदेश जारी किया गया था, जिसे निविदा स्वीकार करने के विषय पर स्वतत्रता प्राप्ति के बाद के सभी पूर्व आदेशों का निलिम्बन करके जारी किया गया था । इस जी० ओ० ने निविदा स्वीकार करने की शक्ति मुख्य इजीनियर से छीनकर मुख्य मत्री में निहित कर दी । इस शक्ति को मुख्य इंजीनियर से छीनना और मुख्य मंत्री में निहित करना और कुछ नहीं, मुख्य मंत्री में तानाशाही शक्ति निहित करने का कार्य है ।

मुख्य मत्री बन जाने से वे इजीनियरी की कला में कुशल नहीं हो गए और न मुख्य इंजीनियर किसी ज्ञान या कला विहीन हो गया । इस बात के बावजूद कि यह ठेका 23 करोड रुपए की भारी रकम का है जो स्वतत्रता प्राप्ति के बाद सब से बडा ठेका है, मुख्य मंत्री का यह कार्य निश्चित रूप से मुहम्मद तुगलक को भी लज्जित कर देता है तामिलनाडु के लोग कुशासन ने, गलत संरक्षण देने, सुस्थित नियमों और प्रजातान्त्रिक संस्थाओं को तोड़ने तथा मुख्य मत्री द्वारा शक्तियों के हडपने और किसी कारण या हेतु के बिना स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद सुस्थापित परम्परा को तोड़ने के इन कार्यों से तमिलनाडु के लोग क्रोधित हैं ।

**क्रम संख्या 11**

**श्री एम० जी० रामचन्द्रन् का नामन**

**थिरु अनबिल धर्मलिंगम्**

मंत्री थिरु अनबिल धर्मलिंगम, तिरुचिरापल्ली जिले में अनबिल गांव के रहने वाले हैं। गत पच्चीस वर्ष से वे थिरु कस्तूरी चेट्टयार, बी० काम (आनर्स) और उसके भाई थिरु पांडुरंगम के साथ ही उस मकान में रहते थे जो राजा टाकीज, तिरुचिरापल्ली के ठीक सामने स्थित है। यह साधारणतया नाथन प्रैस के नाम से ज्ञात है। 1967 में द्रविड़ मुनेत्र कजगम के सत्ता में आने के पहले, थिरु पांडुरंगम, कस्तूरी और अनबिल धर्मलिंगम का समूह सम्पन्न नहीं था। वास्तव में, नाथन प्रैस मौजूद था और अनबिल में इटें बनाने की एक अन्य संस्था मौजूद थी।

नाथन पब्लिकेशनस के नाम से ज्ञात एक नई फर्म, डी० एम० के० मंत्रिमंडल के पश्चात् आरम्भ की गई। सरकार ने स्कूलों के लिए पुस्तकें प्रकाशित करने के अधिकार ग्रहण कर लिए। नाथन पाब्लिकेशन्स को स्कूली पुस्तकों का एकमात्र वितरक नियुक्त किया गया। पुस्तकों की कमी पैदा की गई और प्राथमिक स्कूलों में जाने वाले बच्चों को छपी हुई कीमत से कुछ अधिक मूल्य देना पड़ा। नाथन प्रैस समूह को पुस्तक प्रकाशन का कोई पूर्व अनुभव नहीं था। यह तो थिरु अनबिल धर्मलिंगम द्वारा नाथन प्रैस समूह की गतिविधियों को बढ़ाने में खुले रूप से भाग लेने का केवल एक उदाहरण है।

थिरु धर्मलिंगम का विभाग एक बार उससे छीन लिया गया था परन्तु मुख्य मंत्री द्वारा उसे कुछ ही मास में वापस दे दिया गया था। उसे पदत्याग करने के लिए विवश किया गया था और फिर मुख्य मंत्री द्वारा उसे वापस ले लिया गया था। यह विभागों का परिवर्तन, पदत्याग और पुनर्नियुक्ति केवल एक अनिनीत राजनीतिक नाटक ही नहीं है किन्तु शासनकर्ता मंत्रियों के बीच लूट के हिस्से में चल रहे संघर्ष की छिपी सच्चाई है।

पौन्नी एंटरप्राइजेज से 23 अक्तूबर, 1972 को 4.5 लाख रुपए की रकम अभिगृहीत की गई थी। संसद सदस्य थिरू एस० ए० भुरुगनन्दम ने समाचार पत्रों में कथन प्रकाशित कराए हैं जिनमें मंत्रियों के भ्रष्टाचार को प्रकाश में लाया गया है, पुस्तिकाएं छापी गई हैं और जनता में बांटी गई हैं।

थिरु अनबिल धर्मलिंगम नगर पालिका मंत्री हैं और जनता की जानकारी में ऐसे अन्तयन्त विस्मयकारी तथ्य लाए गए हैं कि उन्होंने इंडियन ऐग्री कलचरल ऐविएशन एसोसिएशन, मुम्बई को अनबिल धर्मलिंगम की छायारूप और बेनामी पौन्नी एन्टरप्राइजेज के माध्यम से हवाई छिड़काव के ठेके सम्बन्धी कार्य किए हैं। जितनी भूमियों पर छिड़काव किया गया है वे इस प्रकार थीं :—

| वर्ष | छिड़काव के अन्तर्गत क्षेत्र (लाख एकड़ों में) | किया गया व्यय (लाख रुपयों में) |
|---|---|---|
| 1968–69 . . . | 2.870 | 50.77 लाख |
| 1969–70 . . . | 1.860 | 28.775 लाख |
| 1970–71 . . | 6.974 | सही आंकड़े अविनिश्चित किए जाने हैं। |
| 1971–72 . . . | 9.804 | 103.857 |

विंग एयरक्राफ्ट और हैलीकाप्टर के लिए छिड़काव प्रभारों की दर इस प्रकार थी :—

| वर्ष | वायुयान | हैलीकाप्टर |
|---|---|---|
| | रु० | रु० |
| 1968–69 . . . | 8 प्रति एकड़ | 10 प्रति एकड़ |
| 1969–70 . . . | — | 5.98 प्रति एकड़ |
| 1970–71 . . . | 7 प्रति एकड़ | 9 प्रति एकड़ |
| 1971–72 . . . | 8 प्रति एकड़ | 11 प्रति एकड़ |

पौन्नी एन्टरप्राइजेज नामक संस्था के बारे में यह कहा जाता है कि वह थिरु अनबिल धर्मलिंगम की छायारूप है जिसके निम्नलिखित भागीदार हैं :—

1. राजगोपाल
2. बाबू
3. एन० जयरामन

इन तीनों व्यक्तियों की कारबार स्तर की कोई प्रत्ययोग्यता नहीं है जिसके आधार पर वे किसी उड्डयन छिड़काव कम्बाइन ग्रुप के साथ बातचीत द्वारा निश्चय करने का कोई पूर्व अनुभव नहीं है । यह पौन्नी एन्टरप्राइजेज कब बनी ? उनको ठेका कैसे मिला ? यदि जांच कराई जाती है तो इससे स्पष्टतया प्रकट हो जाएगा कि इस संस्था के बिना पूंजी के हिसाबपूर्वक और बिना हिसाब के भी भारी लाभ कमाए । इन व्यक्तियों की इतनी भी स्थिति नहीं है कि बैंक में परिचय कराने के लिए उन्हें कोई तामिलियन मिल पाता । उन्होंने इंडियन ओवरसीज बैंक, एस्प्लेनेड ब्रांच में खाता खोला, जहां थिरु चंडी प्रसाद खेमका द्वारा उनका परिचय कराया गया जो सं० 9, फिफथ स्ट्रीट एक्टलैंड मद्रास में रहते हैं और जो प्रसंगवश खेमका कम्पनी के संयुक्त प्रबंध निदेशक और खेमका एविएशन प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली के निदेशक हैं । यह एविएशन कम्पनी भी इंडियन ऐग्रीकलचर एविएशन एसोसिएशन की सदस्य भी है जिसने तमिलनाडु में छिड़काव के लिए मैसर्स पौन्नी एन्टरप्राइजेज के साथ उसके अभिकर्ताओं के रूप में ठेका निष्पादित किया था । अभिकर्ता की शक्तियां और काम पंचायत यूनियन और डिस्ट्रिक्ट ऐग्रीकलचरल आफिसरों से छिड़काव प्रभार वसूल करके मुम्बई एविएशन एसोसिएशन को भेजना है । पौन्नी एन्टरप्राइजेज का सबसे अधिक महत्वपूर्ण काम पंचायत यूनियनों से हवाई छिड़काव के बारे में प्रस्ताव पास कराना है । यह कार्य मुख्य मंत्री और थिरु अनबिल धर्मलिंगम की जानकारी में किया जाता है । सरकार का कर्त्तव्य यह है कि वह प्रतियोगी निविदाएं मंगाकर लोक धन की बचत करे । उसका कर्त्तव्य यह है कि वह पंचायत यूनियनों से यह अभिनिश्चित करे कि कितने एकड़ क्षेत्र में छिड़काव किया जाना है और सरकार का कर्त्तव्य यह भी है कि वह पंचायत से धन इकट्ठा करके एविएशन कम्पनियों को उसका संदाय करे । दलाल के रूप में पौन्नी एन्टरप्राइजेज की आवश्यकता डी० एम० के० सरकार की एक कार्यप्रणाली है जिससे कि वह ठेकेदारों से हिसाब के अन्तर्गत और उसके बाहर कमीशन ले सके ।

पौन्नी एन्टरप्राइजेज ने मद्रास उच्च न्यायालय के समक्ष कमीशन की वसूली के लिए दावा दायर किया है । यह दावा उस कमीशन के बारे में है जो 1971–72 में किए गए छिड़काव के लिए एविएशन कम्पनियों से वसूल किया जाना है । यह वाद 4,99,300 एकड़ पर 80 पैसे की दर से 3,99,440 रुपए के कमीशन की वसूली के लिए फाइल किया गया है । उन्हें 6 जनवरी 1972 को निर्णय-पूर्व कुर्की भी प्राप्त हो गई है । जनता को यह जानकर अत्यन्त खेद हुआ कि

एविएशन कम्पनियों के सभी पूर्व वर्षों में कमीशन तत्काल ही अदा कर दिया। छायारूप कम्पनी और एविएशन कम्पनी के बीच जो मतभेद हुआ उसके बारे में यह विश्वास किया जाता है कि वह मुम्बई एविएशन कंबाइन से मांगे गए बिना हिसाब वाले कमीशन के बारे में विवाद के कारण हैं। इस भारी लोकापवाद से तमिलनाडु के किसान और खेतिहर लोग क्रोधित हो गए हैं। वे उन गोली-कांडों और उस आंतक को नहीं भूले हैं जो जिसका प्रयोग कृषि के लिए बिजली की दर में हुई वृद्धि के विरोध में किसानों द्वारा चलाए गए आंदोलन के दौरान उन पर किया गया था। किसानों का गत दो सप्ताह से विद्रोह चल रहा है और वे इन लोकापवादों, पद दुरुपयोग और मंत्रिमंडल के भ्रष्टाचार के विरुद्ध खुली जांच की मांग कर रहे हैं।

**श्री एम० कल्याणसुन्दरम् का ज्ञापन**

**श्री अनबिल धर्मलिंगम्**

कृषि मंत्री श्री अनबिल धर्मलिंगम के विरुद्ध निम्नलिखित आरोप लगाए गए है :—

(क) मैसर्स नाथन पब्लिकेशन्स की नियुक्ति, जिसके भागीदार गत 25 वर्ष से सरकारी पाठ्य पुस्तकों के अभिकर्ता के रूप में श्री अनबिल धर्मलिंगम के उपकारक थे और हैं।

(ख) श्री अनबिल धर्मलिंगम का पौशी एन्टरप्राइजेज नाम की फर्म भागीदारों के साथ घनिष्ठ संबंध है। उक्त फर्म के कृषि भूमियों पर रसायनों और उर्वरकों के हवाई छिड़काव में संलग्न एयरलाइन कम्पनियों के अभिकर्ताओं के रूप में नियुक्त किया था। उक्त फर्म ने ऐसी एरियल एविएशन कम्पनियों से कमीशन के रूप में भारी रकमें, जो अनेक लाख रुपए तक की हैं, हिसाब के अन्तर्गत और उससे बाहर नकद उपार्जित की थीं। 23 अक्तूबर, 1972 को एक छापा मारा गया था और उक्त फर्म से 4.5 लाख रुपए की रकम अभिगृहीत कर ली गई है। श्री अनबिल धर्मलिंगम का उक्त फर्म के भागीदारों के साथ संबंध वे परिस्थितियां जिनमें उक्त फर्म को अभिकर्ता नियुक्त किया गया था, उन सेवाओं की वास्तविक प्रकृति जो उनके द्वारा की गईं, एविएशन कम्पनियों द्वारा कमीशन के रूप में भारी रकम के दिए जाने का औचित्य, ऐसे संदाय के पीछे वास्तविक उद्देश्य तथा यह बात कि एविएशन कम्पनियों के साथ हवाई छिड़काव के लिए प्रति एकड़ दर क्या इस कमीशन की दृष्टि में रखकर नियत की गई थी और यदि ऐसा है तो लोक कोष को उसके कारण कितना नुकसान हुआ, ये सब ऐसे विषय हैं जिनका गम्भीरता पूर्वक अन्वेषण किया जाना चाहिए।

**क्रम संख्या 12**

**श्री एम० जी० रामचन्द्रन् का ज्ञापन**

**जल बोर्ड अध्यक्ष—थिरु कंडप्पन, विधान सभा सदस्य**

उनके द्वारा 31 मार्च, 1971 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए विधान सभा के समक्ष जो सम्पत्ति की घोषणा फाइल की गई है उसमें उन्होंने निम्न घोषणा की है :—

"शुद्ध रोकड़ 35,000/- रुपए जो एक समयावधि की कुल आय है और जिसमें मेरे पिता द्वारा मुझे नकद वसीयत की गई रकम शामिल है—35,000/- रुपए।"

यदि उनके आय-कर अभिलेखों का सत्यापन किया जाए तो उन्होंने जो विशिष्ट कथन किया है, उसे मिथ्या साबित किया जा सकता है । इसके अतिरिक्त, वे मुख्य मन्त्री के बड़े घनिष्ठ मित्र हैं और मुख्य मन्त्री ने ही उन्हें जल बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया है जो वीरानम परियोजना की छानबीन करता है ।

थिरु एस० कंडप्पन ने मुख्य मन्त्री पर अपने असर का प्रयोग करके तामिल नाड इण्डस्ट्रियल इन्वैस्टमेंट कार्पोरेशन से अपने ससुर रंगास्वामी गोंडर को तिरुचेनगोडे में 1.75 लाख रुपए का ऋण दिलाया । उन्होंने टी० आई०आई० सी को एक उद्योग आरम्भ करने के लिए ऋण के लिए आवेदन किया था । कोई उद्योग आरम्भ नहीं किया गया और धन का ताड़ी की दुकानें खोलने के लिए दुर्विनियोग कर लिया गया । टी० आई०आई०सी० निरीक्षक ने इस बात की रिपोर्ट की । मुख्य मन्त्री ने इस मामले को लटके रहने दिया और उद्योग मन्त्री ने तिरुरंगास्वामी गौंडर और कंडप्पन कंबाइन को ऋण दिलाने के लिए तिरुकंडप्पन के साथ पूरा सहयोग किया । तिरुचेनगोडे के लोग अपनी देशभक्तिपूर्ण परम्परा के लिए विख्यात हैं । अब उन्होंने विद्रोह खड़ा किया है और तिरु कंडपन के विरुद्ध कार्यवाही की जाने की मांग कर रहे हैं । यदि जांच का जाने का तत्काल आदेश नहीं दिया जाता है, तो लोग उसका जनता के न्यायालय में विचारण करेंगे ।

**क्रम संख्या 13**

**श्री एम० जी० रामचन्द्रन् का शासन**

**जे० के० के० अंगप्पा चेट्टियार ग्रुप**

इस ग्रुप के विरुद्ध सात लाख रुपए का विक्रय कर न देने की बाबत कार्यवाही करने के लिए एक देशभक्त द्वारा एक याचिका फाइल की गई थी जिसे मन्त्री थिरु पी० यू० शण्मुग द्वारा दबा दिया गया इस ग्रुप को 1 अप्रैल, 1961 से 31 मार्च, 1967 तक फैब्रिक्स एक्सपोर्ट प्रमोशन स्कीम के अन्तर्गत अस्सी लाख रुपए आयात अनुज्ञप्ति मिला । उनके परिवार की चार संस्थाएं और दस बेनामी संस्थाएं थीं । इस 80 लाख रुपए की अनुज्ञप्ति पर से आयात किए गए सूत तथा सीमा-शुल्क, उतरे हुए की लागत आदि मूल्य 1.50 करोड़ रुपए के लगभग होगा । विक्रय मुल्य 2.50 करोड़ रुपए से कम नहीं होगा । उन्होंने मद्रास उच्च न्यायालय में रिट याचिका फाइल की कि उन्होंने आयात द्वारा प्राप्त किए गए नाइलोन यार्न को मुम्बई से लाकर उसकी हैंडलूम साड़ियां बनाईं और उस पर विक्रय कर के उद्ग्रहण विरुद्ध रोक का आदेश प्राप्त किया । वे सफल हो गए ।

उन्होंने अंगप्पन एण्ड कम्पनी नामक संस्था के नाम में विक्रय की विवरणी फाइल की और 7,00,000 रुपए विक्रय कर और 4,000 रुपए शास्ति के रूप में संदाय किया । इस ग्रुप ने इस उद्ग्रहण के विरुद्ध आभासी अपील के रूप में एक अपील फाइल की जिसे कालवर्जित के रूप में खारिज कर दिया गया ।

जब उस देशभक्त ने विक्रय कर के रूप में 7,00,000 रुपए और शास्ति के रूप में 7,00,000 रुपए वसूल न किए जाने पर मन्त्री से आपत्ति की तो मन्त्री ने विभाग को निदेश दिए कि यह उत्तर भेज दिया जाए कि सब कुछ कर लिया गया है ।

कुमारपलयम के लोगों को ज्ञात है कि थिरु पी० यू० शण्मुग बहुधा इस ग्रुप के मकान पर आता है और मुख्य मन्त्री जब कभी सलेम और कोयम्बतूर जिलों में आते हैं, तब वह उनकी वातानुकूलित कार में यात्रा करता है ।

मुख्य मन्त्री और थिरु पी० यू० शण्मुगम ने जिस रूप में चुपचाप इस बात को दबा दिया कि इस ग्रुप ने उच्च न्यायालय में मिथ्या शपथपत्र फाइल किया और जिस रूप में उन्होंने एक अरजिस्ट्रीकृत और अज्ञात तथाकथित फर्म को नाममात्र कास्वल्प विक्रय कर लेकर छोड़ दिया, उससे ज्ञात होता है कि उसे इस नाममात्र के नगण्य विक्रय करके उद्ग्रहण के भारण के लिए ही बनाया गया था, यद्यपि उक्त फर्म का नाइलोन यार्न के आयात में कोई भाग नहीं था तथा उन्होंने जो हथकरघों पर नाइलोन यार्न का अत्यन्त आश्चर्यजनक बुनाई का मामला तैयार किया तथा संसद् सदस्य थिरु एस० ए० मुरुगनन्दम् द्वारा 23 अक्तूबर, 1972 को प्रेस कथन के जारी किए जाने के बाद भी, जिसमें कि इस लोकापवाद को उच्छल किया गया था, जो चुप्पी साधी, ये सब बातें यह स्पष्ट करती हैं कि मुख्य मन्त्री और थिरु पी० यू० शण्मुगम 14 लाख रुपए के भारी राजस्व से राज्यकोष को वंचित करने की सर्वाधिक कुत्सित दुरभिसन्धि में पूर्णतया अन्तर्ग्रस्त है ।

**श्री एम० कल्याणसुन्दरम् का ज्ञापन**

**मन्त्री श्री पी० यू० शण्मुगम के विरुद्ध आरोप**

तमिलनाडु में विक्रय कर प्रशासन के भारसाधक मन्त्री श्री पी० यू० शण्मुगम, तमिलनाडु राज्य में कुमारापलयम के एक धनी औद्योगिक और कारबार वाले परिवार के, जिसका नाम जे० के० के० अंगप्पन ग्रुप है, घनिष्ठ मित्र हैं । उक्त ग्रुप ने मिथ्या निर्यातों के काम में सुविज्ञता प्राप्त की जिसके लिए उसने ऐसे मिथ्या निर्यातों पर आपात अनुज्ञप्तियां प्राप्त कीं और ऐसी आयात अनुज्ञप्तियों को मुम्बई में भारी लाभ पर बेचा । उन्हें आर्ट सिल्क यार्न आयात के लिए 80 लाख रुपए के मूल्य की अनुज्ञप्तियां दी गई थीं । आयात किए गए आर्ट सिल्क यार्न का मूल्य, सीमा-शुल्क, उतरे हुए की लागत आदि सहित लगभग 1.5 करोड़ रुपए था और उसका विक्रय मूल्य लगभग 2.50 करोड़ रुपए था ।

उन्होंने इन संव्यवहारों पर अपनी ओर से एक पाई भी विक्रय कर नहीं दिया । इस ग्रुप ने यहां तक हिम्मत की कि उसने उच्च न्यायालय में एक शपथपत्र भी फाइल कर दिया जिसमें यह कहा गया कि उन्होंने आर्ट सिल्क यार्न को कुमारपलयम में भेज दिया, हथकरघों पर उससे कपड़ा बनाया और चूंकि हथकरघा का कपड़ा विक्रय कर से छूट प्राप्त है, अतः वे विक्रय करके दायित्वाधीन नहीं हैं । इस प्रकार वे इससे बच गए । किन्तु लगभग तीन वर्ष पूर्व इस शपथपत्र के मिथ्या होने की बात तथा आर्ट सिल्क यार्न का हथकरघों पर बुना जाना सम्भव न होने की बात और इस कारण उन्हें विक्रय कर से छूट न मिलने तथा इसके परिणामस्वरूप लगभग 7 लाख रुपए विक्रय के रूप में दायित्व और 7 लाख रुपए समतुल्य शास्ति के रूप में देय होने की बात मन्त्री श्री पी० यू० शण्मुगम की जानकारी में लाई गई थी । किन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि मन्त्री ने उनको से विक्रय करके रूप में प्राप्य सही रकम के उद्ग्रहण और वसूली के बारे में आज तक पूरी कार्यवाही नहीं की है जो ऊपर दिए गए प्राक्कलन के अनुसार 14 लाख रुपए (कर और शास्ति) आंकी गई है । यह समझा जाता है कि अब इस बात के प्रयत्न किये जा रहे हैं कि आदेशों को पिछली तारीखों में दर्शित कर दिया जाए तथा उक्त मन्त्री और मुख्य मन्त्री से कनिष्ठ रूप में सम्बन्धित इस ग्रेप से कोई एक लाख या दो लाख रुपए विक्रय कर वसूल कर लिया जाए । इस लोकापवाद की बाबत शीघ्र ही पूर्ण जांच की जाने की आवश्यकता है जिससे कि राज्य को राजस्व की और हानि से बचाया जा सके ।

**क्रम संख्या 14**

**श्री एम० जी० रामचन्द्रन् का ज्ञापन**

**समयानालूर पावर स्टेशन**

मूल्य 110.00 लाख रुपए--58.00 लाख रुपए में बेची गई--मुख्य मन्त्री के आदेशों पर विद्युत् मन्त्री श्री० पी० राम द्वारा--तमिलनाडु और उद्योगों पर प्रभाव डालने वाली बिजली की अत्यन्त

कमी होने के बावजूद सही प्रक्रिया का अनुसरण किए बिना पर्दे के पीछे भ्रष्ट सौदेबाजी का काला नाटक रचा गया । सम्पूर्ण समयानालूर पावर स्टेशन को गिराकर 58.00 लाख रुपए में बेचा गया । यह विश्वास किया जाता है कि क्रेता ने अब तक 80.00 लाख रुपए वसूल कर लिए हैं तथा उसके पास अब भी 25.00 लाख रुपए के मूल्य का स्टाक मौजूद है । मन्त्रियों की जेबें भरने के लिए लोक सम्पत्ति के बेचे जाने की बाबत पूर्ण साक्ष्य जांच की जाने पर प्राप्त हो जाएगा ।

**क्रम संख्या 15**

**श्री एम० जी० रामचन्द्रन् का शासन**

**न्यू ग्लोब थिएटर के लिए भूमि**

श्री वरदाराजा पिल्ले, भूमि का पट्टेदार सलेम का निवासी है और पिछले तीन वर्ष से द्रविड़ कज़गम का पुराना सहयोगी रहा है । उनके पास यह जमीन पट्टे पर थी । पट्टेदार को स्वामी बनाने के लिए मुख्य मन्त्री ने एक अधिनियमिति बनाई । ये विधि स्पष्टतः दल के विशिष्ट व्यक्तियों को धनी बनाने की दृष्टि से बनाई गई है । इस संव्यवहार से मन्त्रियों को जो फायदा दिया गया है, वह अत्यधिक समझा जाता है तथा उसकी सीमा जांच करने पर स्पष्ट होगी ।

**क्रम संख्या 16**

**श्री एम० जी० रामचन्द्रन् का शासन**

**अधिकारियों के लिए कीचड़ और मन्त्रियों के लिए धन**

श्री चेरियन, सम्पादक, ब्राडवे टाइम्स, स्कूल पाठ्य पुस्तकों के रूप में अपनी पुस्तकों के विहित किए जाने के लिए उनके अनुमोदन के लिए, जिला कलेक्टरों पर नाजायज रूप से दबाव डाल रहे थे तथा उन अधिकारियों के विरुद्ध जो उनकी बात नहीं मानते थे, विद्वेषपूर्ण और कलंकात्मक कार्य प्रकाशित कर रहा था । श्री टी० ए० वर्गीज, आई० सी ए स०, भूतपूर्व मुख्य सचिव और उनके पुत्र श्री एन्थोनी, आई० ए० एस० जो तंजोर के कलेक्टर थे, के विरुद्ध विद्वेषपूर्ण और मिथ्या आरोप लगाए गए कि श्री वर्गीज के कहने पर विदेशी कार के आयात परमिट में कुछ अनधिकृत परिवर्तन किए गये । श्री वर्गीज, आई० सी० एस०, के लिखित शिकायत पर सरकार ने, तत्कालीन शिक्षा सचिव, मुख्य सचिव, शिक्षा मंत्री तथा मुख्य मंत्री (श्री करुणानिधि) द्वारा अनुमोदन किए जाने के पश्चात् श्री चेरियन के अभियोजन के लिए आदेश किया और उसे (श्री चेरियन) को पांच वर्ष के लिए बहिष्कृत किया गया । तत्पश्चात् मुख्य मंत्री ने सभी कारणों तथा श्री चेरियन द्वारा मुख्य मंत्री के भतीजे श्री मरान, संसद सदस्य के साथ चतुराई से बढ़ाए गए अपने निकट सम्बन्धों के कारण, इस आदेश को रद्द कर दिया गया तथा उक्त श्री चेरियन, श्री मरान, ससद सदस्य के निर्वाचन अभिकर्ता थे ।

मुख्य मंत्री श्री करुणानिधि ने अपना खजाना भरने के लिए भ्रष्ट पदधारियों को महत्व-पूर्ण पदों पर रखा । उदाहरण के लिए मनाली वाले काण्ड और यू० पी० आलू काण्ड (लोक लेखा समिति की रिपोर्ट और विधान सभा की कार्यवाही के संदर्भ में) वाले थिरु पी० के० नम्बियार, आई० ए० एस० को सभी जिला कलेक्टर के भार साधक के रूप में राजस्व बोर्ड के अधीन भू-राजस्व आयुक्त के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया ।

थिरु पणुपथि को जिसे राजस्व बोर्ड के सचिव के रूप में सरकारी अभिलेखों को जलाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया था, वेतन वृद्धियां रोक कर उक्त अपराध के लिए दण्डित किया गया था, उसे राज्य के राजस्व प्रशासन के, जो कि समस्त राज्य प्रशासन का आधार-स्तंभ है, राजस्व भारसाधक सचिव के रूप में प्रोन्नत और तैनात किया गया ।

सबसे खराब और भ्रष्ट अधिकारियों में से एक थिरु वैद्यलिंगम को जो मुख्य मंत्री श्री करुणानिधि के तत्कालीन निजी सचिव थे, आई०ए०एस० अधिकारी के रूप में प्रोन्नत किया गया और उसे मुख्य सचिव के ठीक नीचे सचिवालय में लोक विभाग उप सचिव के अत्यन्त महत्वपूर्ण पद पर तैनात किया गया।

**क्रम संख्या 17**

**श्री एम० जी० रामचन्द्रन् का ज्ञापन**

**चीनी काण्ड**

मुख्य मंत्री ने प्राइवेट चीनी मिलों से चीनी के बोरों की उठाई के लिए अधिकार प्राप्त किए। मुख्य मंत्री और खाद्य मंत्री, पी० यू० शन्मगम ने उठाई गई चीनी के प्रत्येक बोरे के लिए दो रु० से तीन रु० तक की माग की और मद्रास के एक प्रमुख आटा मिल के उद्योगपति के माध्यम से पचास लाख रुपए से अधिक की राशि वसूली की। मुख्य मंत्री की इच्छा के बिल्कुल विरुद्ध मै० पैरी एण्ड कम्पनी लिमिटेड ने जो, श्री एच० वी० आर० आयंगर, भारतीय रिजर्व बैंक के भूतपूर्व गवर्नर, की अध्यक्षता मे था और प्रति बोरे दो रुपए से तीन रुपए का भुगतान का प्रारंभिक रूप से विरोध किया था,, होने वाले संघर्ष के परिणामस्वरूप एक योग्य अध्यक्ष को अपने पद से हाथ धोना पड़ा। तब से लगभग सौ लाख मूल्य की चीनी के बोरे गोदामों में जमा हो गए थे जिसका कारण यह था कि उन से मुंहभराई धन न मिलने के कारण उनके उठाए जाने के आदेश नही दिए गए थे।

**श्री एम० कल्याणसुन्दरम् का ज्ञापन**

चीनी कारखाने के लिए चीनी के आबंटन के मामले में भेदभाव और पक्षपात किए जाने के सम्बन्ध में अनेकों शिकायतें आयी। यह आरोप भी है कि चीनी कारखानों को चीनी के उठाई आदेश जारी करने के लिए मंत्रियों को धन देना पड़ा। इसी प्रकार से गन्ने की कीमत नियत करने के मामले में चीनी कारखाने के स्वामी के लाभ को ध्यान में रखते हुए गन्ना उत्पादकों के लिए नीची कीमत नियत की गई। गन्ने की कीमत का नियत करना तथा चीनी के बोरों के उठाई आदेश जारी करना, दोनों ही मंत्रियों के लिए रियायती सौदा बन गया ताकि वे किसान जो गन्ने का उत्पादन करता है तथा जनता जो चीनी का उपभोग करती है, की लागत पर गन्ने के कारखाने के स्वामी के साथ निश्चित सौदा कर सके। इस घटना की जांच करना आवश्यक है।

**क्रम संख्या 18**

**श्री एम० जी० रामचन्द्रन् का ज्ञापन**

**थिरु सि० पा० आदितनार, सहकारिता मन्त्री—तंजौर कोआपरेटिव मार्केटिंग फैडरेशन—दो करोड़ रुपए का काण्ड**

मुख्य मंत्री के निकट मित्र श्री वी० एस० थ्यागराज मुदलियार ने, जो तंजौर मार्केटिंग फैडरेशन के प्रधान थे, दो करोड़ रुपए से अधिक के लोक धन की ठगी की जैसा कि सचिव, तमिलनाडु लोक सहकारी बैंक द्वारा दी गई रिपोर्ट से प्रकट होता है। अधिकारियों तथा मुख्य सचिव की सिफारिश होने पर कि मामले को पुलिस को सौपा जाए और श्री वी० एस०थ्यागराज मुदलियार और अन्य सम्बद्ध व्यक्तियों को अभियोजित किया जाए, मुख्य मंत्री और श्री आदितनार, सहकारिता मंत्री के हस्तक्षेप

के कारण कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई और श्री वी० एस० थ्यागराज मुदलियार तथा तंजौर कोआपरेटिव फैडरेशन समिति के सदस्यों को गिरफ्तार या अभियोजित किए बिना इस्तीफा देने दिया गया ।

**श्री एम० कल्याणसुन्दरम् का ज्ञापन**

**श्री वी० एस० थ्यागराज मुदलियार और मुख्य मंत्री**

श्री वी०एस० थ्यागराज मुदलियार, तमिलनाडु के सबसे बड़े भू-स्वामियों और उद्योगपतियों मे से एक हैं । वे मुख्य मंत्री के निकट मित्र और सहयोगी हैं । दोनों ही एक स्थान, अर्थात् थिरुवरूर के रहने वाले हैं । श्री वी० एस० थ्यागराज मुदलियार, तंजौर कोआपरेटिव मार्केटिंग फैडरेशन लिमिटेट के अध्यक्ष थे । तंजौर कोआपरेटिव मार्केटिंग फैडरेशन का लगभग दो करोड़ रुपए की राशि का दुरुपयोग होना पाया गया और इसके बारे मे रिपोर्ट लेखा परीक्षा में रिपोर्ट की गई तथा विभागों द्वारा उक्त वी० एस० थ्यागराज मुदलियार और उक्त फैडरेशन के कार्यपालक समिति के अन्य सदस्यों को अभियोजित करने का प्रस्ताव किया गया, तथापि, मुख्य मंत्री के हस्तक्षेप के कारण उन्हें अभियोजित करने का प्रस्ताव रोक दिया गया और इस बड़ी राशि की वसूली के लिए आगे कोई कार्रवाई नहीं की गई । किस कारण से श्री वी० एस० थ्यागराज मुदलियार और उनके सहयोगियों के विरुद्ध यह कार्रवाई रोक दी गई, इस बात की गम्भीर रूप से जांच होनी चाहिए ।

**क्रम संख्या 19**

**श्री एम० कल्याणसुन्दरम् का ज्ञापन**

श्री करूणानिधि के मित्र और सहयोगी—श्री करुणानिधि, मुख्य मंत्री तमिलनाडु न केवल अपने रिश्तेदारों के प्रति अपितु अपने मित्रों तथा सहयोगियों के प्रति भी अत्यधिक उदार थे ।

(1) **ए० एल० श्रीनिवासन**—श्री ए० एल० श्रीनिवासन इस समय मुख्य मंत्री के मित्रों की सूची में पहले आते हैं । उनका फिल्म उद्योग में मुख्य मंत्री के साथ निकट सम्बन्ध है । इन्होंने हाल में ही "शारदा स्टूडियोज" के नाम से ज्ञात अपने स्टूडियो को वित्तीय कठिनाईयों के कारण बन्द किया और वे फिल्म व्यवसाय में वाणिज्यिक रूप से दिवालिया समझे जाते हैं तथापि मुख्य मंत्री श्री करुणानिधि ने अपने मित्र श्री ए० एल० श्रीनिवासन को "बियर" का उत्पादन करने के लिए साधन-सम्पन्न समझा तथा "बियर" का विनिर्माण करने के लिए एक कारखाना चलाने की अनुज्ञप्ति प्रदान की । श्री ए० एल० श्रीनिवासन के क्या साधन हैं तथा उन्हें यह अनुज्ञप्ति कैसे दी गई, इन बातों की जांच करने की आवश्यकता है ।

श्री ए० एल० श्रीनिवासन मद्रास शहर के आसपास में मुख्य मंत्री और राजस्व बोर्ड के प्रभाव के कारण लगभग सौ एकड़ भूमि का बलपूर्वक स्वामित्व प्राप्त करने के लिए प्रयास कर रहे हैं । वे व्यक्ति जो पहले से ही कब्जे में हैं और स्वामी है, बेदखल किए जायेंगे । श्री ए० एल० श्रीनिवासन के संव्यवहारों की जांच होनी आवश्यक है ।

**क्रम संख्या 20**

**श्री एम० कल्याणसुन्दरम् का ज्ञापन**

**कुड्डलूर कनाल से पिलानी मार्ग**

85 लाख रुपए की लागत के उक्त मार्ग को निर्माण का कार्य एस० अहमद एण्ड कम्पनी के नाम से ज्ञात फर्म को दिया गया तथा एस० अहमद एण्ड कम्पनी को अग्रिम के रूप में बड़ी-बड़ी रकमें दी गई ।

कोयम्बतूर में एक उपरिगामी पुल के निर्माण कार्य फिर से इसी एस० अहमद एण्ड कम्पनी को दिया गया। इस मामले में भी ठेकेदारों को बड़ी-बड़ी राशियां अग्रिम के रूप में दी गई। इतनी बड़ी अग्रिम राशियों को देने की क्या आवश्यकता थी, इसकी गम्भीर रूप से जांच होनी चाहिए।

**क्रम संख्या 21**

**श्री एम० कल्याणसुन्दरम् का ज्ञापन**

**डी० एम० के० दल और प्राईवेट न्यास**

दल के हितों के उत्थान के रूप में मुख्य मंत्री और उनके सहयोगियों द्वारा प्राइवेट न्यासों की स्थापना की गई ताकि उक्त न्यासों के नाम में सम्पत्तियां खरीदी जाएं।

उनमें से एक न्यास मद्रास में बनाया गया और इसने बीस लाख रुपए के प्राक्कलित मूल्य पर लगभग 100 ग्राउण्ड माप वाली अत्यन्त मूल्यवान सम्पत्ति खरीदी एक अन्य न्यास मदुराई में भी बनाया गया और इसको उदीपी बोर्डिंग और लाजिंग हाउस बिल्डिंग के नाम से ज्ञात बोर्डी के जमीदारिणी से पांच लाख रुपए के दस्तावेजी प्रतिफल के लिए एक मूल्यवान सम्पत्ति खरीदी।

न्यासियों के नाम, न्यासों के उद्देश्य, न्यासों के निबन्धक और शर्तें, दल के प्रयोग के लिए सम्पत्तियों के खरीदने के लिए न्यासियों का सृजन करने की आवश्यकता, ये सभी बातें अत्यन्त रहस्यपूर्ण हैं।

यह सामान्य ज्ञान की बात है कि डी० एम० के० दल समुचित लेखा नहीं रखता है और यह बड़ी रहस्य की बात है कि इन न्यासों के लिए धन की इतनी बड़ी-बड़ी राशियां कहां से आयी।

रजिस्ट्रीकरण विभाग से न्यास विलेख की प्रति पाने के सभी प्रयास असफल सिद्ध हुए। इस बात का डर है कि इन दस्तावेजों की प्रतियां मुख्य मन्त्री की सुरक्षित अभिरक्षा में हैं।

इस सभी बात की पूरी जांच होने की आवश्यकता है।

**क्रम संख्या 22**

**श्री एम० कल्याणसुन्दरम् का ज्ञापन**

**श्री अनबिल धर्मलिंगम्**

कृषि मंत्री श्री अनबिल धर्मलिंगम के विरुद्ध निम्नलिखित आरोप लगाए जाते है :—

कृषि मंत्री ने, गरीब किसानों और किराएदारों को बचाने के बजाए अपने कार्यालय, हैसियत और प्रभाव का प्रयोग कृषि मंत्री के रूप में तातावारी एस्टेट के 58 एकड़ में चालीस किराएदारों को जबरदस्ती बेदखल करने में किया। अनबिल धर्मलिंगम द्वारा किए गए कार्य, वे परिस्थितियां और रीति जिनमें ऐसे किराएदार बेदखल किए गए थे और श्री अनबिल धर्मलिंगम ने क्यों भू-स्वामी की सहायता की और किस प्रतिफल के लिए की, इन सभी बातों की जांच होनी चाहिए।

श्री अनबिल धर्मलिंगम के रिश्तेदार ग्राम अनबिल लालगुड्डी ताल्लुक, जिला तिरुची में एक हत्या के मामले में फंसे हुए थे। यहां भी पुलिस जांच में मंत्रीय प्रभाव से हस्तक्षेप किया गया। मन्त्रीय प्रभाव के कारण पुलिस ने जांच ऐसी रीति से संचालित की कि सभी अपराधी व्यक्ति छूट

गए । यह अभिलेख पर है कि तिरुची के जिलाधीश सरीखे व्यक्ति को उस मामले में पुलिस द्वारा संचालित की गई जांच की पद्धतियों की कड़ी आलोचना करनी पड़ी । जांच से इस मामले पर अधिक प्रकाश पड़ेगा ।

श्री अनबिल धर्मलिंगम के विभाग का मुख्य मंत्री द्वारा अचानक परिवर्तन, तत्पश्चात् उन्हें वही विभाग लौटाया जाना, मंत्री के रूप में पद त्याग करना और तत्पश्चात् उनकी पुनर्नियुक्ति, वे इन सब बातों के लिए प्रसिद्ध हैं । इन परिवर्तनों और त्यागपत्र और पुनर्नियुक्तियों की वास्तविक परिस्थितियां क्या थीं । उनकी तथा मुख्य मंत्री के बीच वास्तविक झगड़ा क्या था । मुख्य मंत्री श्री अनबिल धर्मलिंगम से इतने डरे क्यों थे कि वे उनके विरुद्ध कोई स्थायी कार्रवाई नहीं करना चाहते थे और वे क्या बात हैं जिन्हें श्री अनबिल धर्मलिंगम छिपाए हुए हैं, यदि इन सब बातों की जांच की जाए तो एक रोचक कहानी बनेगी ।

**क्रम संख्या 23**

**श्री एम० कल्याणसुन्दरम् का आपन**

**विविध दुष्कर्म**

(1) श्री वैकुंटम तिरुनेलवेली जिले में बलानाडू लैण्ड डिवेलेपमैंट बैंक के मामले में डी० एम० के० दल के बैंक के अध्यक्ष द्वारा एक सुबह बैंक से 22 लाख रुपए की राशि निकाली गई । बैंक सहकारिता मंत्री श्री एस० पी० आदितनार के सीधे नेतृत्व में है । वह खाता जिससे धन निकाला गया, प्रयोजन तथा नियमितता आदि सम्बन्धी सभी बातों की जांच होनी चाहिए ।

(2) डी० एम० के० दल के अधिवक्ता श्री राजामनिकम द्वारा दो लाख रुपए की राशि तंजौर अर्बन बैंक से निकाली गई । उनके विरुद्ध एक दाण्डिक मामला चल रहा है । किसने उनसे यह धन निकालने को कहा, किस प्रयोजन के लिए यह धन निकाला गया तथा अन्य सम्बन्धित बातों की जांच होनी चाहिए ।

(3) तंजौर सेन्ट्रल कोआपरेटिव बैंक के प्रधान श्री पो० मानिकावासगम, जो कि डी० एम० के० की सामान्य परिषद् के एक सदस्य हैं, अनेकों झूठे नामों से दो लाख रुपए की ठगी की और उन्हें 3 सितम्बर, 1972 को गिरफ्तार किया गया ।

(4) धमपुरी डिस्ट्रिक्ट सेन्ट्रल बैंक में डी० एम० के० के प्रधान के आदेशों पर लगभग 52 लाख रुपए के बेनामी कर्जे दिए गए । कपट के पाए जाने के पश्चात् भी किसी प्रकार की कारवाई अब तक नहीं की गई ।

**क्रम संख्या 24**

**श्री एम० कल्याणसुन्दरम् का आपन**

**राज्य की मशीनरी और सशस्त्र गैंगों का डी० एम० के० व्यवसाय संघों को आयोजित करने में लगाया जाना**

शासक दल ने संघ भवन तथा सिम्पसन कम्पनी के श्री गुरुमूर्ति के अभिलेखों का अभिग्रहण करने का आयोजन किया, अपने नेता कट्टूर गोपाल को सशस्त्र गैंगों की हिंसा से ठगा और नगर में एक साल से अधिक समय तक तनाव पैदा करने के लिए हिंसा जारी रखी जिसके परिणामस्वरूप दो से अधिक

नेताओं की हत्या हो गई । सिम्पसन कम्पनी शिवसैलाम की है जिनका नाम ट्रैक्टर के संव्यवहार में आता है ।

जुलाई, 1971 के मास के दौरान जबकि शारदा स्टुडियो (स्टुडियों के स्वामी श्री ए० एल० श्रीनिवासन हैं जो मुख्य मंत्री श्री करूणानिधि की मंडली के हैं) के नियोजक और कर्मकारों के बीच एक औद्योगिक विवाद चल रहा था, राज्य की मशीनरी से काम लिया गया और हड़ताल करने वाले संघ के एक अन्य प्रतिद्वन्दी संघ को रजिस्टर किया गया । एक करार पर हस्ताक्षर किए गए, कर्मचारियों के विरुद्ध पुलिस का प्रयोग किया गया और उन्हें निर्दयता से पीटा गया, जबरदस्ती हटाया गया और दूर के स्थानों में छोड़ा गया ।

स्टेट इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड में, डी० एम० के० दल के चुने हुए कर्मचारियों ने राज्य के मंत्रियों की सीधी सहायता और उत्साह देने के कारण एक प्रतिद्वन्दी संघ प्रारम्भ किया । इलैक्ट्रीसिटी बोर्ड को डी० एम० के० द्वारा समर्थित संघ का समर्थन करने के लिए आदेश दिया गया । प्रबन्धतंत्र द्वारा मान्यताप्राप्त पुराने संघ के पदाधिकारियों को गम्भीर परिणामों के लिए धमकी दी गई, उन्हें दूर के स्थानों को स्थानान्तरित किया गया और कुछ मामलों में पुलिस की सहायता से उन्हें पीटा गया। समस्त राज्य में ऐसी स्थिति है ।

**क्रम संख्या 25**

**श्री एम० कल्याणसुन्दरम् का ज्ञापन**

**प्रेस का अभित्रास और उस पर आक्रमण**

यदि सरकार के विरुद्ध कोई रिपोर्ट करते हैं तो करूणानिधि मंत्रालय ने प्रेस को अभित्रास करने का नियमित अभ्यास कर लिया है । आनन्दविकादान के सम्पादक ने खुले तौर पर अपनी पत्रिका के स्तम्भों के माध्यम से इस बात के लिए क्षमा मांगी कि उसने मुख्य मंत्री के विरुद्ध केन्द्रीय जांच ब्यूरो की जांच सम्बन्धी अफवाह की बाबत वरिष्ठ ेता श्री सी० राजगोपालाचारी की मांग का सम्पादकीय रूप से समर्थन किया है ।

"अलाई ओसाई" जो कि एक प्रचलित दैनिक कार्यालय है, पर डी० एम० के० सशस्त्र गैंग द्वारा आक्रमण किया गया जिसके कारण सम्पत्ति की गम्भीर हानि हुई ।

नगर में सशस्त्र गैंग घूमते थे और कुमुदम, आनन्दविकादान और उसने कालकी जैसे साप्ताहिक पत्रिकाओं के प्रकाशकों को उनके डी० एम० के० सरकार के प्रति आलोचनात्मक रूख के लिए धमकी दी । विद्युत विभाग द्वारा विद्युत प्रदाय में कटौती के नाम पर कमियों के कारण अलाई ओसाई नवामानी और नवाशक्ति का विद्युत प्रदाय काट कर परेशान किया गया । प्रदाय को जनता से गम्भीर विरोध किए जाने के पश्चात् चालू किया गया ।

**क्रम संख्या 26**

**श्री एम० कल्याणसुन्दरम् का ज्ञापन**

**दल के प्रयोजनों के लिए राज्य के उपकरणों का दुरुपयोग**

डी० एम० के० दल के जिना अधिवेशन राज्य सरकार के प्रसार विभाग के लिए ऐसे अवसर थे जब कि वे करूणानिधि और मुजीबुर्रहमान के चित्रों सहित राज्य की स्वायत्तता के प्रचार करते थे ।

डी० एम० के० के मदुरै जिले के अधिवेशन में जबकि समस्त नगरी एक प्रदर्शनी में बदल गई थी, विद्युत विभाग और मंत्रि मंण्डल के पूरे ज्ञान से मीटर के बिना सीधे ही बिजली के कनैक्शन लिए गए थे ।

**क्रम संख्या 27**

**श्री एम० कल्याणसुन्दरम् का ज्ञापन**

**सभी विरोधियों को दबाने के लिए पुलिस का दुरुपयोग**

27 अगस्त, 1972 को रामानाथपुरम जिले के सिगमबुनेरी में, जो कि उद्योग मंत्री श्री एस० माधवन का निवास स्थान है, पुलिस भारतीय साम्यवादी दल के समर्थकों की झोपड़ियां हटा दी । भारतीय साम्यवादी दल के अध्ययन कक्ष पर आक्रमण किया गया और उसकी लूट खसोट की गई और साम्यवादी दल के झण्डे को डण्डे से हटाया गया । यह स्थान डी० एम० के० के आदमियों को दिया गया तथा उस डण्डे पर डी० एम० के० का झण्डा लहराया गया । साम्यवादि दल के उन लोगों को गिरफ्तार किया गया और उन्हें अभियोजित किया गया जिन्होंने इस का विरोध किया ।

अक्तूबर, 1971 में पुलिस तिरुनेलवेली जिले के पलायमकोट्टाई में स्थित एक्जेवियर कालेज के अहाते में घुसी और किसी कारण या न्यायोचित के बिना उसके निवासियों को बहुत बुरी तरह पीटा गया ।

1971 के सितम्बर मास में कोयम्बतूर जिले में भवानी के निकट कादयमपट्टी में डी० एम० के० के आदमियों के कहने पर पुलिस ने डी० एम० के० वालों को छोड़ कर गांव के प्रत्येक घर पर आक्रमण किया तथा दो परिवारों के निजी झगड़े के कारण उन पर भीषण आक्रमण किया ।

1971 के नवम्बर मास में तिरुनेलवेली में करीवाल्यमवांथानल्लूर में एक हरिजन को पुलिस की हिरासत में मारा गया, सार्वजनिक विरोध किए जाने के बावजूद भी न्यायिक जांच करने का कोई आदेश नहीं दिया गया । इसके स्थान पर जनता के विरोध करने पर पुलिस की गोली से दो की मृत्यु हो गई ।

1972 के जनवरी मास में, पुलिस ने जानबूझकर और किसी भड़काव या वारन्ट के बिना श्री एन० श्रीनिवासन, श्री के० एस० सुन्दरम, ए० आई० टी० यू० सी०, श्री बी० पी० चिन्तन, सी० आई० टी० यू० व्यवसाय संघ के नेताओं और एक स्वतंत्र व्यवसाय संघ के नेता श्री कुचेलर पर आक्रमण किया और उन्हें गम्भीर चोट पहुंचायी ।

1972 की 26 फरवरी को सले जिले में नामैक्खाल में एक हरिजन श्री चिन्नप्पन की पुलिस हिरासत में मार खाने के कारण मृत्यु हो गई और इसकी कोई जांच नहीं हुई ।

1972 की 27 फरवरी को रामानाथपुरम जिले में थीरूपथर कस्बे में प्राइवेट कालेज चलाने वाले एक संवाददाता के कहने पर, छात्रों की निर्दयता से पिटाई की गई ।

कृषक आंदोलन के दौरान कई केन्द्रों पर अनावश्यक गोलाबारी की गई । उनमें से एक में पेडानायकनपल्यम गांव में गोली चलने से नौ जाने गई । इस गांव को साम्यवादियों का गढ़ अंकित किया गया । गोलाबारी करने के लिए कोई उकसाने वाली घटना नहीं थी । पुलिस के किसी भी अधिकारी को चोट नहीं आई । मुख्य मंत्री ने घोषणा की कि एक ऐसी भीड़ पर प्रतिरक्षा में गोली चलायी गई जिसने स्थानीय पुलिस स्टेशन पर आक्रमण करने का प्रयास किया था । तथ्य यह है कि पेडा-नायकनपल्यम में कोई पुलिस स्टेशन ही नहीं है ।

सत्तूर, मानामदुरै, अरुप्पुकोट्टै पालवानायन, कोइलपट्टी और अय्यमपल्यम में इसी प्रकार से गोलियां चलाई गई । जनता की प्रत्येक प्रजातांत्रिक मांग जिसमें उपरोक्त आरोपों की बाबत जांच आयोग के लिए वर्तमान आंदोलन भी है, की पूर्ति दमन के ऐसे कार्य से हो रही है जो कभी नहीं सुना गया है ।

तमिलनाडु में स्थिति अत्यन्त गंभीर है । राज्य सरकार आंदोलन को दबाने के लिए पुलिस की लाठियों और गोलियों पर विश्वास करती है ।

[सं० 381/3/76—ए०वी० डी० III]

रामकृष्ण त्रिवेदी, सचिव ।

PRINTED BY THE GENERAL MANAGER, GOVERNMENT OF INDIA PRESS, MINTO ROAD, NEW DELHI AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI, 1976